an>

Title: Need to allocate sufficient funds for construction of roads in Kheri Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) ः मेरा लोकसभा क्षेत्र लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश) बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र है जिसके कारण आने-जाने हेतु अच्छी सड़कें न होने की वजह से परिवहन साधनों का अभाव है जिससे रोजमर्रा की दिनचर्या पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। जिससे चिकित्सा व्यवस्था, शिक्षा की भी स्थिति ठीक नहीं हो पा रही है। बावजूद इसके मेरे लोकसभा क्षेत्र में पूर्व में तीन विभिन्न श्रेणियों (न्न्) ज़्ड्डड्ड्-11 में 21न्न्व् में 26 तथा न्(छड्ड्ड) हेतु 6 कुल 53 सड़कों की स्वीकृति जिसकी लंबाई कुल 119.335 कि.मी. की तथा जिस कुल लागत हेतु 56 करोड़ 81 लाख 65 हज़ार रूपए स्वीकृत किया गया था। 8 सड़कों में निर्माण को निरस्त करने के पश्चात शेष 45 मार्गों में 35 करोड़ 9 लाख रूपए खर्च करके मात्र 24 सड़कों का कार्य पूरा हो सका है। शेष 21 मार्गों का कार्य धनाभाव के कारण रूका हुआ है जिससे बहुत असुविधा हो रही है तथा लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि स्वीकृत धन का आवंटन कराके उक्त मार्गों का निर्माण कार्य भी पूरा कराया जाये तथा पूरे हो चुके मार्गों तथा आगे इस योजना से बनने वाले मार्गों का उद्घाटन संबंधित क्षेत्र के लोकसभा सांसद द्वारा कराने हेतु भी समुचित आदेश पारित करने का कष्ट करें।